# हो गई मन की पूरी बात अवध में राम आये है

राम आये है,
अवध में राम आये है,
हो गई मन की पूरी बात,
अवध में राम आये है।bd।

---

देखा सपना बरसों पहले,
पूरा हुआ है आज,
जाग गया है आज सनातन,
बदल गए हालात,
हो आई असली दिवाली देखो,
अवध में राम आये है,
हो गयी मन की पूरी बात,
अवध में राम आये है।bd।

---

हर भारतवासी के मन में,
छाई नयी उमंग,
देश विदेश में चढ़ गया देखो,
सबको भगवा रंग,
हो मोदी योगी भी हर्षाये,
अवध में राम आये है,
हो गयी मन की पूरी बात,
अवध में राम आये है।bd।

---

शबरी और हनुमान की देखो,
आँख है भर आई,
राजा राम के राजतिलक की,
पावन शुभ घडी आई,
हो बैठे सिंहासन पर राम,
अवध में राम आये है,
हो गयी मन की पूरी बात,
अवध में राम आये है।bd।

---

करो कृपा हे राम दीन पर,
ऐसा हो कुछ काम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

आप के महलो में भी विराजे,
खाटू वाले श्याम,
'भानु' कहता है सरेआम,
अवध में राम आये है,
हो गयी मन की पूरी बात,
अवध में राम आये है।bd।

---

राम आये है,
अवध में राम आये है,
हो गई मन की पूरी बात,
अवध में राम आये है।bd।

**Singers – Aakash, Vanshika,**
**Deepak, Lakshay**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com